खंड—4 अंक—139 दिनांक—21/06/2019

प्रतिबंधित संचलन

के. रि. पु. बल ई—संवाद
सेवा एवं निष्ठा

सीआरपीएफ के जांबाज को राष्ट्र का नमन

209 कोबरा के शहीद सिपाही सुनील कलीता की बहादुरी और शौर्य को राष्ट्र का नमन। वह 28 मई 2019 को झारखण्ड के सरायकेला में नक्सलरोधी ऑपरेशन के दौरान आईईडी विस्फोट में गंभीर रूप से जख्मी हो गये उन्हें एम्स, नई दिल्ली में इलाज के लिये ले जाया गया जहां वह वीरगति को प्राप्त हुए।

शहीद कलीता को पहले रिम्स अस्पताल रांची में भर्ती करवाया गया था, बाद में 04 जून, 2019 को हवाई मार्ग से उन्हें दिल्ली लाकर एम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती किया गया जहा 14 जून, 2019 को उन्होंने अपनी आखिरी सांस ली। गृहनगर की उनकी अंतिम यात्रा पर गुवाहाटी एयरपोर्ट पर शहीद सिपाही सुनील कलीता को श्रद्धांजलि और पुष्पांजलि अर्पित की गई।

विश्व रक्तदान दिवस

14 जून, 2019 को ग्रुप केन्द्र सीआरपीएफ परिसर सेम्बो, रांची में विश्व रक्तदाता दिवस 2019 का आयोजन किया गया। सदर अस्पताल रांची के समन्वय से एक रक्तदान कैम्प का आयोजन भी किया गया जिसमें झारखंड स्थित कार्यालयों/यूनिटों के अधिकारियों और परिवारों ने 55 यूनिट रक्त दान किया।

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 105 आरएएफ द्वारा रक्तदान कैम्प का आयोजन किया गया।

शहीदों की फोटो गैलरी का उद्घाटन



झारखंड सेक्टर के महानिरीक्षक श्री संजय आनंद लाटकर द्वारा ग्रुप केन्द्र सीआरपीएफ रांची में झारखंड राज्य से संबंधित 55 शहीदों की फोटो गैलरी का उद्घाटन किया गया।